भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर प्रश्न बैंक - संचयन भाग - 2 पाठ - टोपी शुक्ला

1. इफ़्फ़न टोपी शुक्ला की कहानी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा किस तरह से है?

उत्तर – इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला दोनों गहरे दोस्त थे। एक दूसरे के बिना अधूरे थे परंतु दोनों की आत्मा में प्यार की प्यास थी। इफ़्फ़न तो अपने मन की बात दादी को या टोपी को कह कर हल्का कर लेता था परंतु टोपी के लिए इफ़्फ़न और उसकी दादी के अलावा कोई नहीं था। अत इफ़्फ़न वास्तव में टोपी की कहानी का अटूट हिस्सा है।

2. इफ़्फ़न की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं ?

उत्तर – इफ़्फ़न की दादी मौलवी की बेटी न होकर ज़मीनदार की बेटी थी। वह वहाँ दूध, घी, दही खाती थी। लखनऊ आकर वह इसके लिए तरस गई क्योंकि यहाँ मौलविन बन कर रहना पड़ता था। इसलिए उन्हें पीहर जाना अच्छा लगता था।

3. इफ़्फ़न की दादी अपने बेटे की शादी में गाने-बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाईं ?

उत्तर – दादी का विवाह मौलवी परिवार में हुआ था, जहाँ गाना-बजाना पसंद नहीं किया जाता था। इसलिए बेचारी दिल मसोस कर रह गईं।

4. "अम्मी" शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

उत्तर – "अम्मी" शब्द को सुनते ही सबकी नज़रें टोपी पर पड़ गईं । क्योंकि यह उर्दू का शब्द था और टोपी हिंदू था। इस शब्द को सुनकर जैसे परंपराओं की दीवारें डोलने लगीं। घर में सभी हैरान थे। माँ ने डाँटा, दादी गरजीं और टोपी की जमकर पिटाई हुई।

5. दस अक्तूबर सन् पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्त्व रखता है?

उत्तर – दस अक्तूबर सन् पैंतालीस को इफ़्फ़न के पिता का तबादला मुरादाबाद हो गया और वे चले गए। अपने प्रिय दोस्त के चले जाने से वह बहुत दुखी हुआ। उसने कसम खाई कि वह कोई ऐसा दोस्त नहीं बनाएगा जिसके पिता की बदली हो जाती हो । एक तो इफ़्फ़न की दादी जिनसे वह बहुत प्यार करता था, वह नहीं रहीं, फिर इफ़्फ़न चला गया तो यह दिन उसके लिए महत्त्वपूर्ण दिन बन गया।

6. टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही?

उत्तर – इफ़्फ़न की दादी टोपी को बहुत प्यार करती थीं । उनकी मीठी-मीठी बोली उसे तिल के लड्डू या शक्कर-गुड़ जैसी लगती थी। टोपी की माँ भी ऐसा ही बोलती थीं परंतु उसकी दादी उसे बोलने नहीं देती थीं । उधर इफ़्फ़न के अब्बू को उनकी बोली पसंद नहीं थी। अतः इफ़्फ़न की दादी और टोपी की माँ दोनों एक स्वर की महिलाएँ थीं। यही सोचकर टोपी ने दादी बदलने की बात की।

7. पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से विशेष स्नेह क्यों था?

उत्तर – इफ़्फ़न की दादी उसे बहुत प्यार करती थीं, हर तरह से उसकी सहायता करती थीं । उसके अब्बू-अम्मी उसे डाँटते थे, उसकी बाजी और नुज़हत भी उसको परेशान करती थी। दादी उसको रात में अनार परी, बहराम डाकू, अमीर हमज़ा, गुलबकावली, हातिमताई जैसी अनेक कहानियाँ सुनाती थीं । इसी कारण वह अपनी दादी से बहुत प्यार करता था।

8. इफ़्फ़न की दादी के देहांत के बाद टोपी को उसका घर खाली-सा क्यों लगा?

उत्तर – इफ़्फ़न की दादी जितना प्यार इफ़्फ़न को करतीं, उतना ही टोपी को भी करती थीं, टोपी से अपनत्व रखती थीं । उसे भी कहानियाँ सुनाती थीं, उसकी माँ का हाल-चाल पूछतीं । उनकी मृत्यु के बाद टोपी को ऐसा लगा मानो उस पर से दादी की छत्र-छाया ही खत्म हो गई है। इसलिए टोपी को इफ़्फ़न की दादी की मृत्यु के बाद उसका घर खाली-सा लगा ।

9. टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मज़हब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे। इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

उत्तर – टोपी हिंदू धर्म का था और इफ़्फ़न की दादी मुस्लिम। परन्तु जब भी टोपी इफ़्फ़न के घर जाता, दादी के पास ही बैठता। उनकी मीठी पूरबी बोली उसे बहुत अच्छी लगती थी। दादी पहले अम्मा का हाल-चाल पूछतीं । दादी उसे कुछ-न-कुछ खाने को देतीं परन्तु टोपी खाता नहीं था। प्रेम इन बातों का पाबंद नहीं होता । दोनों अपने भरे घर में अकेले थे। इसलिए उनका रिश्ता अटूट था।

10. टोपी नवीं कक्षा में दो बार फ़ेल हो गया। बताइए –

क) ज़हीन होने के बावजूद भी कक्षा में दो बार फ़ेल होने के क्या कारण थे?

ख) एक ही कक्षा में दो-दो बार बैठने से टोपी को किन भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा?

ग) टोपी की भावात्मक परेशानियों को नज़र में रखकर शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक बदलाव सुझाइए।

उत्तर - (क) टोपी बहुत ज़हीन (बुद्धिमान) था परंतु दो बार फ़ेल हो गया क्योंकि पहली बार जब भी वह पढ़ने बैठता, मुन्नी बाबू को कोई-न-कोई काम निकल आता या रामदुलारी कोई ऐसी चीज़ मँगवाती जो नौकरों से नहीं मँगवाई जा सकती या भैरव उसकी कॉपियों के हवाई जहाज़ उड़ा डालता। दूसरे साल उसे टाइफ़ाइड (मियादी बुखार) हो गया और पेपर नहीं दे पाया, इसलिए फ़ेल हो गया था।

(ख) पहली बार एक कक्षा में छोटे बच्चों के साथ बैठना पड़ा। दूसरे साल सातवीं के बच्चों के साथ बैठना पड़ा था। इसलिए उसका कोई दोस्त नहीं बन पाया था। अध्यापक भी बच्चों को न पढ़ने के कारण फ़ेल होने का उदाहरण टोपी का नाम लेकर देते थे, उसका मज़ाक उड़ाते थे। मास्टर भी उसे नोटिस नहीं करते थे। उससे कोई उत्तर नहीं पूछते बल्कि कहते - अगले साल पूछ लेंगे या कहते - इतने सालों में तो आ गया होगा। इस तरह सभी उसे भावनात्मक रूप से आहत करते थे। फिर अंत में इन चुनौतियों को स्वीकार कर उसने सफलता प्राप्त की।

(ग) बच्चे फ़ेल होने पर भावनात्मक रूप से आहत होते हैं और उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। वे शर्म महसूस करते हैं। इसके लिए विद्यार्थी के पुस्तकीय ज्ञान को ही न परखा जाए बल्कि उसके अनुभव व अन्य कार्य-कुशलता को भी देखकर उसे प्रोत्साहन देना चाहिए। उपचारात्मक शिक्षा, वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली व वैकल्पिक शिक्षा के साथ शिक्षकों का सहानुभूति भरा व्यवहार भी आवश्यक है।

11. इफ़्फ़न की दादी के मायके का घर कस्टोडियन में क्यों चला गया?

उत्तर - कस्टोडियन पर जाना अर्थात् सरकारी क़ब्ज़ा होना। दादी के पीहर वाले जब पाकिस्तान में रहने लगे तो भारत में उनके घर की देखभाल करने वाला कोई नहीं रहा। इस पर मालिकाना हक़ भी न रहा। इसलिए वह घर सरकारी क़ब्ज़े में चला गया।